SHRI GULABRAO ESHWARA KHANDVE EDUCATIONAL FOUNDATION

# JAGADGURU INTERNATIONAL SCHOOL, LOHEGAON, PUNE

## TERM – I EXAM (2024-2025)

**Grade – V** | **Time: - 3 Hours**
**Subject: - Hindi** | **M.Marks: - 80**
**Date: - 19/09/2024** | **Roll No. _____**

निर्देशः 1 इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड हैं क, ख, ग, घ ।
2 चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3 यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।

## खण्ड क (पठन)

**प्रश्न: (1) नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए:** (गुण 7)

स्वतंत्रता दिवस का त्योहार हममें नया उत्साह भर देता है। यह त्योहार हर वर्ष 15 अगस्त को मनाया जाता है। इस दिन पूरे देश में खुशी छाई रहती है। लोग सभाएँ करते हैं और देश का झंडा फहराते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रगान गाया जाता है। राजधानी नई दिल्ली में मुख्य समारोह होता है । प्रधानमंत्री लाल किले पर आते हैं। सुबह से ही लोग लाल किले के सामने जमा होने लगते हैं। तीनों सेनाओं और पुलिस के जवान, स्कूली बच्चे, एन.सी.सी. के कैडेट्स सुबह से ही आ जुटते हैं। प्रधानमंत्री मंच पर पहुंच कर तिरंगा फहराते हैं। फिर सब एक साथ मिलकर राष्ट्रगान गाते हैं। इस के बाद प्रधानमंत्री देश के नाम अपना संदेश देते हैं। देश के सभी लोग बड़े ध्यान से उनका संदेश सुनते हैं ।

i) स्वतंत्रता दिवस का त्योहार हममें क्या भर देता है?
ii) स्वतंत्रता दिवस कब मनाते हैं?
iii) स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह कहां होता है?
iv) स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले पर झंडा कौन फहराता है?
v) प्रस्तुत अपठित गद्यांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए ।
vi) वाक्य बनाइए - सुबह
vii) प्रस्तुत अपठित गद्यांश में से दो संज्ञा शब्द ढूंढकर लिखिए।

**प्रश्न: (2) नीचे दिए गए अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** (गुण 7)

दीप जले उठे दीपावली आई,
कण-कण में उजियारा छाई।
घर आंगन में रौनक समायी,
रंग रंगीली मां को आती भायी।
घर आंगन सुहाने लगते हैं,
सबके मन को भा जाते हैं।
बच्चे मौज-मस्तियां करते हैं,
खूब हंसते और मुस्कुराते हैं।
बच्चे फुलझड़ियां जलते हैं,
यह आंगन में फूल खिलते हैं।
बच्चे खूब मिठाई खाते हैं,
और खुशियां मनाते हैं।

i) कण कण में क्या छाया है?

ii) सबके मन को क्या भाती है?

iii) मौज मस्ती कौन करता है?

iv) बच्चे अपनी खुशियां कैसे मनाते हैं?

v) आंगन में क्या खिला है?

vi) दीपावली पर हम क्या जलाते हैं?

vii) प्रस्तुत कविता का उचित शीर्षक दीजिए।

**प्रश्न: (3) नीचे दी गई कहानी के पंक्तियों को पढ़कर उन्हें सही क्रम में लगाकर दोबारा लिखिए।** (गुण 6)

i) शिकारी के द्वारा बिछाए गए जाल में सारे कबूतर फंस गए।

ii) बूढा कबूतर उन्हें रोकता रहा मगर उसकी बात किसी ने न सुनी।

iii) एक बार कबूतर भोजन की तलाश में जंगल में भटक रहे थे।

iv) तब बूढे कबूतर की मदद से मारे कबूतर एक साथ जाल लेकर उड़ गए और शिकारी देखता रह गया।

v) एकता में बड़ी शक्ति होती है, अगर हम एक बनकर रहे तो किसी भी मुसीबत का सामना कर सकते हैं।

vi) जंगल के बीच दाने देखकर बुढा कबूतर आश्चर्यचकिन हुआ पर बाकि कबूतर दाना खाने के लिए नीचे उतरे।

## खण्ड ख (व्याकरण)

**प्रश्न: (4)**

**i) नीचे दिए गए शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए I** (गुण 3)

क. मछली ख. पक्षी ग. समुद्र

**ii) नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए I** (गुण 3)

क. आकाश ख. पसंद ग. तेज

**iii) नीचे दिए गए मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए I** (गुण 2)

क. अँगूठा दिखाना ख. ईद का चाँद होना

**iv) नीचे दिए गए सर्वनाम शब्द को रेखांकित कीजिए।** (गुण 2)

क. वह स्कूल जा रहा है।

ख. हमारे बगीचे में पेड़ लगे हुए है।

**v) नीचे दिए गए वाक्य में से विशेषण तथा विशेष्य अलग कीजिए।** (गुण 2)

क. वह हिरण सुंदर है।

ख. आगरा का ताजमहल खूबसूरत है।

**vi) नीचे दिए गए वाक्यों में उचित कारक-चिह्न लगाकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए I** (गुण 2)

क. स्पाइडरमैन ___ इमारत से छलाँग लगा दी।

ख. पापा राजा __ मोबाइल लाए हैं।

**vii) दिए गए वाक्यों के सामने उनके काल का नाम लिखिए I** (गुण 2)

क. कुछ दिनों पहले मैं मेले में गया था।

ख. मैं कल से पढ़ना शुरू करूँगा।

**viii) नीचे दिए गए वाक्यों में विराम चिह्न का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए।** (गुण 2)

क. दोस्तों आज मैं यहाँ मां की बात करने आया हूँ

ख. तुम्हारा घर कहां है

**ix) नीचे दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। (वाक्यांश)** (गुण 2)

क. जिसका आचरण अच्छा हो-

ख. जो मन को मोह ले-

## खण्ड ग (साहित्य)

**प्रश्न: (5) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।** (गुण 6)

i) गुलीवर ने हार मानने का अभिनय क्यों किया ? उसके बाद क्या हुआ ?

ii) नारियल के पेड़ की विशेषताएँ लिखिए।

iii) फूल और काँटे के स्वभाव में क्या अंतर होता है?

**प्रश्न: (6) नीचे दिए गए कथन सही है या गलत लिखिए।** (गुण 3)

i) बापू जी की कटि में घड़ी लटकती है।

ii) सुपारी का पेड़ कठोर होता है।

iii) काँटे वस्त्र फाड़ देते हैं।

**प्रश्न: (7) नीचे दिए गए कथन किसने कहा किससे कहा लिखिए।** (गुण 3)

i) अब जा पंडित जी को बुला ला।

ii) एक तोले की बिल्ली से काम नहीं चलेगा।

iii) आप चिंता न कीजिए। मेरे रहते कोई आपका बाल भी बाँका नहीं कर सकता।

**प्रश्न: (8) नीचे दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।** (गुण 3)

i) एक ही सी ___ है डालता।

ii) ताड़ के दूध को ___ कहा जाता है।

iii) मुंबई ____ की राजधानी है।

**प्रश्न: (9) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।** (गुण 5)

1. पढ़ने से क्या मिलता है?
   क. विद्या　　ख. बुद्धि　　ग. धन
2. गुलीवर की चौकसी में कितने आदमी लगाए गए थे?
   क. एक सौ　　ख. तीन सौ　　ग. पाँच सौ
3. कौन-सा पेड़ बगीचे में खूब सजता है?
   क. ताड़　　ख. खजूर　　ग. बेर
4. सेठ जी के घर में कौन-सा पालतू पशु था?
   क. कुत्ता　　ख. गाय　　ग. बिल्ली
5. फूल भौर को क्या पिलाता है ?
   क. पानी　　ख. ओस　　ग. रस

## खण्ड घ (लेखन)

**प्रश्न: (10) अपने मित्र को अपने नए विद्यालय के बारे में बताते हुए एक पत्र लिखिए।** (गुण 5)

**या**

**गर्मी की छुट्टी में प्रोजेक्ट एक साथ मिलकर बनाने का आग्रह करते हुए मित्र को पत्र लिखिए।**

**प्रश्न: (11) नीचे दिए गए विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर पर 60 से 70 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** (गुण 5)

**1 मेरा प्रिय कुत्ता　　2. जल ही जीवन है ।**

**प्रश्न: (12) नीचे दिए गए मुद्दों के आधार पर कहानी लेखन लिखिए। (50 से 60 शब्दों में)** (गुण 5)

- **शीर्षक** ____________________
- एक राजा - लड़ाई में हार जाना
- जान बचाने के लिए एक गुफ़ा में घुसना
- एक चींटी को देखना - उसका दीवार पर चढ़ना गिरना फिर चढ़ना- आखिर दीवार पर चढ़ने में सफलता चींटी से प्रेरणा लेना
- फिर दुश्मन से लड़ना - जीतना।
- **सीख-** ______________________

**प्रश्नः (13) नीचे दिए गए शब्दों की मदद से चित्र वर्णन कीजिए।** (गुण 5)

| **पेड़-पौधे, बच्चे, शिक्षक, वृक्षारोपण, पानी, बगीचा, 5 जून पर्यावरण दिवस, विद्यालय** |
|---|

